**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2952**

**20 दिसंबर, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**वस्त्र केन्द्र**

**2952. श्री श्याम सिंह यादव:**

**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) भारत में राज्य-वार कुल कितने वस्त्र केन्द्र मौजूद हैं;

(ख) ऐसे वस्त्र केन्द्रों के माध्यम से कुल कितने लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हो रहा है;

(ग) विगत वित्तीय वर्ष के दौरान वस्त्र केन्द्रों के व्यापार लेन-देन का ब्यौरा क्या है तथा निर्यात का कुल मूल्य और कुल राजस्व आदि क्या है;

(घ) क्या सरकार ने वस्त्रों के निर्यात के लिए अन्य देशों के साथ किन्हीं मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) क्या सरकार द्वारा घोषित वस्त्र केन्द्रों में विक्रेताओं को गवर्नमेंट-ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल से जोड़ दिया गया है; और

(छ) यदि हां, तो विशेष रूप से उत्तर प्रदेश का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वस्त्र राज्य मंत्री**

**(श्रीमती दर्शना जरदोश)**

**(क) और (ख):** देश में सुव्यवस्थित तरीके से विकसित किए गए कुछ वस्त्र क्लस्टर गुजरात में सूरत, तमिलनाडु में तिरुपुर, हरियाणा में पानीपत, महाराष्ट्र में इचलकरंजी आदि हैं। मौजूदा और नए क्लस्टरों को सहायता प्रदान करने के लिए, सरकार देश में एकीकृत वस्त्र पार्क योजना (एसआईटीपी), पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और अपैरल (पीएम मित्र) पार्क योजना आदि जैसी विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों को कार्यान्वित कर रही है। एसआईटीपी के तहत राज्य-वार, वस्त्र पार्कों की संख्या इस प्रकार है:

| क्र.सं. | राज्य | पार्कों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 4 |
| 2 | असम | 1 |
| 3 | गुजरात | 14 |
| 4 | हिमाचल प्रदेश | 1 |
| 5 | जम्मू एंड कश्मीर | 1 |
| 6 | कर्नाटक | 1 |
| 7 | महाराष्ट्र | 12 |
| 8 | पंजाब | 3 |
| 9 | राजस्थान | 3 |
| 10 | तमिलनाडु | 8 |

| | | |
|---|---|---|
| 11 | तेलंगाना | 2 |
| 12 | पश्चिम बंगाल | 2 |
| | कुल | 52 |

इस योजना के तहत इन वस्त्र पार्कों से अभी तक उत्पन्न रोजगार की कुल संख्या 1,07,070 है।

**(ग):** पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान वस्त्र उत्पादों के निर्यात का खंडवार विवरण इस प्रकार है:

(मूल्य अमरीकी मिलियन डॉलर में)

| वस्तु | वित्त वर्ष 2018-19 | वित्त वर्ष 2019-20 | वित्त वर्ष 2020-21 | वित्त वर्ष 2021-22 | वित्त वर्ष 2022-23 |
|---|---|---|---|---|---|
| रेडीमेड गारमेंट्स (आरएमजी) | 16138 | 15488 | 12272 | 16015 | 16191 |
| कपास वस्त्र | 12405 | 10263 | 11128 | 17166 | 11085 |
| मानव निर्मित वस्त्र | 5551 | 5324 | 4180 | 6294 | 5412 |
| ऊन एवं ऊन वस्त्र | 222 | 181 | 109 | 166 | 205 |
| रेशम उत्पाद | 76 | 72 | 76 | 109 | 95 |
| हथकरघा उत्पाद | 344 | 319 | 223 | 269 | 183 |
| कालीन | 1482 | 1373 | 1491 | 1790 | 1366 |
| पटसन उत्पाद | 340 | 357 | 397 | 537 | 462 |
| कुल वस्त्र एवं अपैरल (टीएंडए) | 36559 | 33379 | 29877 | 42347 | 34997 |
| हस्तशिल्प | 1838 | 1798 | 1708 | 2088 | 1689 |
| हस्तशिल्प सहित कुल टीएंडए | 38397 | 35177 | 31585 | 44435 | 36686 |

स्रोत: डीजीसीआईएस कोलकाता

**(घ) और (ङ)**: अभी तक, भारत ने 13 मुक्त व्यापार करारों पर हस्ताक्षर किए हैं। विवरण निम्नानुसार है:-:-

| **क्र.सं** | **करार का नाम** | **करार पर हस्ताक्षर करने की तारीख** |
|---|---|---|
| 1 | भारत-श्रीलंका एफटीए | 28 दिसंबर 1998 |
| 2 | साफ्टा पर करार (भारत, पाकिस्तान, नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव और अफगानिस्तान) | 4 जनवरी 2004 |
| 3 | भारत नेपाल व्यापार संधि | 27 अक्टूबर 2009 |
| 4 | व्यापार वाणिज्य और ट्रांजिट पर भारत-भूटान समझौता | 17 जनवरी, 1972 |
| 5 | भारत - थाईलैंड एफटीए - अर्ली हार्वेस्ट स्कीम (ईएचएस) | 9 अक्टूबर 2003 |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | भारत - सिंगापुर सीईसीए | 29 जून 2005 |
| 7 | भारत - आसियान- सीईसीए - वस्तुओं, सेवाओं और निवेश में व्यापार समझौता (ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम) | वस्तुओं के लिए 13 अगस्त 2009 और सेवाओं एवं निवेश के लिए नवंबर 2014 |
| 8 | भारत - दक्षिण कोरिया सीईपीए | 7 अगस्त 2009 |
| 9 | भारत - जापान सीईपीए | 16 फ़रवरी 2011 |
| 10 | भारत - मलेशिया सीईसीए | 18 फ़रवरी 2011 |
| 11 | भारत - मॉरीशस व्यापक आर्थिक सहयोग और साझेदारी समझौता (सीईसीपीए) | 22 फरवरी, 2021 |
| 12 | भारत-यूएई सीईपीए | 18 फरवरी 2022 |
| 13 | भारत – आस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार करार (इंडिया आस्ट्रेलिया ईसीटीए) | 2 अप्रैल, 2022 |

**(च) और (छ):** मंत्रालय में ऐसी किसी सूचना का रखरखाव नहीं किया जाता है।

-

***